प्रेस नोट दिनांक 26.02.2025
जनपद बरेली

एसटीएफ बरेली इकाई व थाना सुभाषनगर #bareillypolice द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह की 01 तस्कर को 02 किलो 900 ग्राम अफीम नाजायज (अन्तराष्ट्रीय बाजार मूल्य 43 लाख रूपये) के साथ किया गिरफ्तार।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 बरेली इकाई को अभिसूचना संकलन के दौरान विश्वसनीय स्त्रोत के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि 01 महिला अपने हैण्डबैग में नाजायज अफीम लेकर सुभाष नगर पुलिया के पास रेलवे के खण्डहर कार्टरों के पास से होकर निकलेगी यदि शीघ्रता की जाये तो पकडे जा सकते है। इस सूचना पर एस0टी0एफ0 बरेली इकाई टीम व थाना सुभाष नगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्ता रिजवाना बेगम उपरोक्त को मय नाजायज अफीम 02 किलो 900 ग्राम के साथ सुभाष नगर पुलिया के पास रेलवे के खण्डहर कार्टरों के पास थाना सुभाष नगर जनपद बरेली से आज दिनांक 26.02.2025 को समय 14.41 बजे गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 130/2025 धारा 8/18 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्ता के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पूछताछ विवरणः-

पूछताछ पर अभियुक्ता ने बताया कि मैं यह बरामदा अफीम झारखण्ड के चतरा से अखिलेश नामक व्यक्ति से लायी हूं, जिसके पिता का नाम व पता नही जानती हूं, वो मुझे रोडवेज पर मिलकर दे जाता हैं, इसे मैं स्थानीय लोगों व पंजाब में करनाल के जसवंत नाम के व्यक्ति को मोटी रकम लेकर बिक्री करती हूं। हमारे जीविकोपार्जन का अन्य कोई साधन नही है इसी से अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करते है । यह काम मैं कई वर्षों से कर रही है कि आज पकड़ी गयी ।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरणः-

1. रिजवाना बेगम पत्नी अय्यूब खां निवासी देवीपुर थाना भमोरा जनपद बरेली।

बरामदगीः-

1. 02 किलो 900 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम (अन्तराष्ट्रीय बाजार मूल्य 43 लाख रूपये)
2. 01 अदद मोबाइल फोन कीपैड
3. 1,100/-रूपये नकद
4. 01 अदद आधार कार्ड

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण

1. उ0नि0 राशिद अली एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली
2. उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना सुभाषनगर, बरेली।
3. मु0आ0 गिरिजेश पोसवाल एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली
4. मु0आ0 शिवओम पाठक एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली
5. मु0आ0 नितिन एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली
6. मु0आ0 संदीप एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली
7. आ0 संजय यादव एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली
8. महिला आरक्षी प्रीती थाना सुभाषनगर, बरेली।